64

तो आप विवाह करने की सोच रहे हैं?

मत्ती 19:3-9, एक निकट दृष्टि

निकाह करवाने पर सहमत होने से पहले, मैं लड़के-लड़की से एक बार नहीं कई बार उस विवाह पर बात करने पर ज़ोर देता हूं, जो परमेश्वर चाहता है कि उनका होना चाहिए। दुर्भाग्य से विवाह से पहले सिखाने की यह मेरी क्लासें आम तौर पर कुछ सप्ताह या कुछ दिनों या कुछ घण्टों की ही होती हैं। उस समय, मेरी बात का उन पर बहुत कम असर होता है। मैंने अक्सर यह इच्छा की है कि मैं उनके साथ कई महीनों या वर्षों पहले, बात करूं जब वे विवाह करने की सोच ही रहे हों। इस पाठ में मुझे यही करने की उम्मीद है।

मैं इस प्रवचन का नाम "तो आप विवाह करने की सोच रहे हैं?"[1] रख रहा हूं। नील प्रायर ने एक युवा दम्पत्ति के बारे में बताया था, जो आराधना सभा से पहले प्रचारक के पास जाकर कहने लगे कि उन्हें विवाह करवाने के लिए उनसे बात करनी है। प्रचारक ने आराधना के बाद उनसे बात करने पर सहमति जताई। आराधना के अन्त में, प्रचारक को उनके नाम याद नहीं रहे, सो उसने कह दिया, "जो लोग विवाह करना चाहते हैं, अन्तिम प्रार्थना के बाद मेरे कार्यालय में आ जाएं?" नील के अनुसार, एक पुरुष और बारह स्त्रियां उसके पास आ गए।[2] परन्तु सच्चाई यह है कि स्त्रियां हों या पुरुष अधिकतर अविवाहित लोगों ने विवाह करने की बात सोची होती है। जीवन भर के लिए शपथें लेने से पहले, अब इस विषय पर गम्भीरता से विचार करने का समय है।

किसी युवा दम्पत्ति के साथ विवाह की बात करते हुए, मैं आम तौर पर मत्ती 19:3-9 से आरम्भ करता हूं।[3] इस समय मैं आपके साथ इसी में से बात करना चाहता हूं।[4]

विवाह परमेश्वर की ओर से है (मत्ती 19:4-6)

विवाह प्रभु द्वारा किया गया प्रबन्ध था (मत्ती 19:4, 5)। संसार की रचना करने पर परमेश्वर ने पहली बात जिसे "अच्छा नहीं" कहा था, वह मनुष्य का अकेला रहना ही था (उत्पत्ति 2:18)। परमेश्वर ने स्त्री को पुरुष के लिए "उससे मेल खाता सहायक" बनाया था (उत्पत्ति 2:18)। स्त्री के बनाए जाने की कहानी उत्पत्ति 2:21, 22 में मिलती है। कहा

जाता है कि स्त्री को पुरुष के सिर से नहीं निकाला गया, ताकि कहीं वह उस पर अधिकार न करने लगे, न उसे उसके पांवों से निकाला गया ताकि कहीं वह उसके पांवों तले रौंदी न जाए, बल्कि उसे उसकी पसली से निकाला गया ताकि उसकी सुरक्षा में वह उसे भाती रहे।

विवाह परमेश्वर की ओर से है, इसलिए यह परमेश्वर के अधिकार में है। सचमुच में प्रसन्न विवाह, परमेश्वर को भाने वाला विवाहित जीवन, परमेश्वर के वचन में पाए जाने वाले सिद्धांतों पर बना होना आवश्यक है।

विवाह के लिए तैयारी की आवश्यकता (मत्ती 19:4-6)

अच्छा विवाह यूं ही नहीं हो जाता। विवाह के लिए परमेश्वर की कुछ शर्तें हमारे इस बाइबल पाठ में मिलती हैं।

विवाह के लिए *विभिन्नता* की आवश्यकता है: परमेश्वर ने "उन्हें ... नर और नारी बनाया" (आयत 4)। उसने उन्हें नर और नर, या नारी और नारी ही नहीं बनाया। तथाकथित समलैंगिक विवाह परमेश्वर की नज़र में घृणित कार्य हैं (रोमियों 1:26, 27)।

विवाह के लिए *छोड़ना* आवश्यक है: "इस कारण मनुष्य अपने माता-पिता से अलग होगा" (मत्ती 19:5)। विवाह एक नये सम्बन्ध का बनना है।

- हो सके, तो एक शारीरिक छोड़ना होना आवश्यक है। एक युवक और एक युवती ने अपना घर छोड़ा हो। नव विवाहितों में झगड़े के तीन प्रमुख कारणों में से एक ससुराल होता है।[5]
- आर्थिक छोड़ना भी होना आवश्यक है। जब तक युवक परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी लेने को तैयार न हो, तब तक शायद उसे विवाह नहीं करना चाहिए।[6] पारिवारिक झगड़े के तीन मुख्य कारणों में से एक पैसा भी है।
- सबसे बढ़कर, भावनात्मक छोड़ना भी होना चाहिए। युवक जो अपनी पत्नी से कहता है, "मेरी मां ऐसे नहीं बनाती," या जो युवती अपने पति से कहती है, "मेरे पिता जी इसे सम्भालना जानते हैं।" विवाह के बाद, आप अपनी मां और पिता से प्रेम करते हैं, पर आपका सम्बन्ध अलग हो गया है। तब से, आपके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति आपका जीवन साथी होना आवश्यक है।

विवाह के लिए *साथ रहना* आवश्यक है: पुरुष अपने पिता और अपनी माता को छोड़कर, अपनी पत्नी के साथ रहेगा (देखें मत्ती 19:5)। "*साथ* के लिए ... इब्रानी शब्द[7] *चिपकना* भी है।"[8] जब दो फट्टों को अच्छी तरह चिपकाया जाता है, तो उनका जोड़ लकड़ी से भी मज़बूत हो जाता है। तख्तों को अब पहले वाली स्थिति में अलग नहीं किया जा सकता; उन्हें अलग करने का कोई भी प्रयास दोनों में से एक को या दोनों को ही हानि पहुंचाएगा।

विवाह के लिए *एकता* आवश्यक है: "वे दोनों एक तन होंगे। सो वे अब दो नहीं,

परन्तु एक तन हैं'' (आयतें 5ख, 6क)।

कानूनी एकता होनी भी आवश्यक है। बाइबल सिखाती है कि हमें देश के कानून का पालन करना चाहिए (रोमियों 13:1), जिसमें विवाह का कानून भी है।

शारीरिक एकता होनी चाहिए।''एक तन'' वाक्यांश विशेष तौर पर शारीरिक सम्बन्ध के बारे में ही है (देखें 1 कुरिन्थियों 6:16)। विवाह में यह सम्बन्ध सुन्दर है, विवाह के बंधन के बाहर यह कुरूप है। शारीरिक सम्बन्ध केवल क्षणिक शारीरिक आनन्द लेने के लिए नहीं है। वास्तविक शारीरिक एकता पाने के लिए समय, धीरज और दूसरे के लिए चिंता की आवश्यकता है। वैवाहिक झगड़े का तीसरा प्रमुख कारण शारीरिक तनाव है।

भावनात्मक एकता होनी आवश्यक है (देखें इफिसियों 5:28, 29)। इसमें एक-दूसरे से बात करना और इकट्ठे काम करना सीखना शामिल है। कभी भी अपने विवाह को यूं ही न समझें; वैवाहिक जीवन को अच्छा बनाने के लिए पूरा जीवन लग जाता है।

सबसे बढ़कर, *आत्मिक* एकता होनी चाहिए: वह एकता जो मसीह और कलीसिया में पाई जाती है (इफिसियों 5:31-33)। अभी प्रार्थना करना आरम्भ करें कि परमेश्वर आपको विवाह करने के लिए एक विश्वासी मसीही ढूंढ़ने में सहायता करे, ताकि आप दोनों मिलकर ''हमारे प्रभु, और उद्धारकर्त्ता यीशु मसीह के अनुग्रह और पहचान में'' बढ़ सको (2 पतरस 3:18)। प्रभु के लिए आपसी प्रेम से बढ़कर विवाह को इकट्ठे बनाने में और कोई बात सहायक नहीं हो सकती।

विवाह जीवन भर के लिए है (मत्ती 19:6-9)

आपके लिए समझने वाली सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विवाह स्थाई है: ''इसलिए जिसे परमेश्वर ने जोड़ा है, उसे मनुष्य अलग न करे'' (मत्ती 19:6ख)।[9] परमेश्वर तलाक से घृणा करता है (मलाकी 2:16)। यदि आप इस सोच से विवाह करते हैं कि'' *यदि* ठीक रहा तो जीवन भर के लिए'' तो आपके विवाह का अन्त अच्छा नहीं है। इसलिए यह स्पष्ट तौर पर समझ लें कि जब आपके विवाह में समस्याएं आएं (और वे आएंगी भी), तो तलाक इसका विकल्प नहीं है। यदि कोई पुरुष और स्त्री प्रभु की इच्छा पूरी करने को समर्पित है तो वे उसकी सहायता से हर समस्या का सामना कर सकते हैं (फिलिप्पियों 4:13)।

सारांश

यदि मुझे किसी युवा दम्पत्ति से इन विषयों पर बात करनी हो, तो वे प्रतिक्रिया जताकर प्रश्न पूछ सकते हैं। जो कुछ मैंने कहा यदि आपके मन में उस पर कोई प्रश्न हो, तो आप मुझे बताएं।[10] यदि आप ने एक दिन विवाह करने का कोई विचार किया है, तो मेरी प्रार्थना है कि परमेश्वर आपको उसे ढूंढ़ने में सहायता करे, जो आपको परमेश्वर में प्रोत्साहित कर सके-या, प्रभु में ''तुम्हारे हाथ को बलि करे'' (देखें 1 शमूएल 23:16 की टिप्पणी)। ''यहोवा तुझे आशीष दे और तेरी रक्षा करे'' (गिनती 6:24)।

टिप्पणियां

[1]इस शीर्षक का इस्तेमाल करते हुए मैंने पहली बार युवाओं के समूह में वैगनर, ओकलाहोमा में नवम्बर 1961 में सुनाया था। सितम्बर 1985 में ''तो आप विवाह करना चाहते हैं'' पर ग्रेटर फोर्ट वर्थ, टैक्सस में ब्राउन ट्रेल चर्च ऑफ़ क्राइस्ट में नील प्रायर ने सिखाया था। [2]मैं कई बार ''अरे, मुझे घूर कर न देखो। याद नहीं यह नील प्रायर की कहानी है?'' [3]वचन के लिए पृष्ठभूमि को समझाने के लिए आप पिछले पाठ में दिया विवरण बता सकते हैं। पृष्ठ 28 पर ''जब आपके मन में सवाल हों'' पाठ देखें। [4]यह जानकारी मेरी प्रस्तुति का सार है। आप इसे विस्तार दे सकते हैं, उदाहरण दे सकते हैं और लागू कर सकते हैं। [5]विवाहित लोगों के झगड़ों के कारणों पर करवाए गए जनमत अलग-अलग होते हैं, पर, सब में ससुराल, धन, और शारीरिक सम्बन्धों की बात लगभग सब से ऊपर होती है। [6]पति अपनी पत्नी का ''सिर'' होना चाहिए (इफिसियों 5:23)। यह सिर होना जितना बड़ा अधिकार है उतनी ही बड़ी अपनी पत्नी की देखभाल की ज़िम्मेदारी भी है (इफिसियों 5:28, 29), जिसमें आर्थिक ज़िम्मेदारी भी शामिल है। जवान पुरुष और जवान स्त्री दोनों काम कर सकते हैं, पर परिवार की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करना पति/पिता की ज़िम्मेदारी है। ''साथ'' उत्पत्ति 2:24 में इस्तेमाल किए गए शब्द का अनुवाद है। [8]डॉन एण्ड जेन मैक्व्होटर, *लिविंग टूगैदर इन नॉलेज* (हंटस्विले, अलाबामा: पब्लिशिंग डिज़ाइन्स, 1988), 60. [9]यहां पर, मैं आम तौर पर 7 से 9 आयतों पर चर्चा करता हूं। ''विवाह व तलाक पर शिक्षा'' के लिए अतिरिक्त लेख देखें। [10]इस वाक्य का दावा है कि यह सामग्री एक प्रवचन में दी गई है। यदि इसका इस्तेमाल क्लास में होता है तो प्रस्तुति के दौरान प्रश्न पूछे जाने को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

विवाह व तलाक पर शिक्षा

तलाक के मामले बढ़ने पर, कई बार इस विषय पर शिक्षा में बढ़ोतरी के बजाय कमी होती है। शायद प्रचारक किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते। विवाह और तलाक पर सिखाने या प्रचार करने के समय मैं इन पंक्तियों वाला ढंग अपनाता हूं: ''आप में से कोई तलाक के सदमे से गुज़रा हो सकता है। गुज़रा हो या न, पर मैं जानता हूं कि आप चाहते होंगे कि मैं जवानों को स्पष्ट करूं कि विवाह जीवन भर के लिए है।'' इस ढंग पर प्रतिक्रिया आम तौर पर सकारात्मक ही रहती है। सिखाते हुए, मैं कई बार मत्ती 19:3-9 और मरकुस 10:2-12 की मुख्य बातों को समझाता हूं।

यीशु ने विवाह में (मत्ती 19:4, 5) एक पुरुष के अपनी पत्नी के साथ रहने की बात की थी।



दोनों को कानूनी बंधन में ही नहीं बांधा गया था,[1] बल्कि *परमेश्वर* द्वारा भी उन्हें ''जोड़ा गया'' था (मत्ती 19:6)।



यदि मनुष्यों द्वारा ''अलग'' भी किए जाते (मत्ती 19:6), अर्थात तलाक ले भी लेते हैं तो भी उन्हें परमेश्वर द्वारा जोड़ा गया था।



अन्य शब्दों में, वे फिर भी विवाहित थे।

इसीलिए, यदि कोई पुरुष अपनी पत्नी को तलाक देकर किसी दूसरी से विवाह करे, बिना अनैतिकता के कारण, तो वह *व्यभिचार* का दोषी था (मत्ती 19:9)।[2] यह इसलिए था क्योंकि परमेश्वर की दृष्टि में वह अभी भी पहली पत्नी से विवाहित था।



यही बात अपने पति को तलाक देकर किसी दूसरे पुरुष से विवाह करने वाली स्त्री के लिए भी सत्य थी (मरकुस 10:12)।



इसका एकमात्र अपवाद वह परिस्थिति थी, जिसमें दोनों में से एक विवाह की अपनी शपथों पर पूरा न उतरे।[3] ऐसा होने पर, निर्दोष पक्ष अपने पति या पत्नी से तलाक लेकर परमेश्वर को नाराज़ किए बिना[4] पुनः विवाह[5] कर सकता/सकती थी।

टिप्पणियां

[1]बाइबल सिखाती है कि हमें देश के कानून का पालन करना चाहिए (रोमियों 13:1)। इसमें वे नियम भी शामिल हैं, जिनसे वैध विवाह होता है। [2]यूनानी शब्द का अनुवाद ''व्यभिचार'' किसी भी दैहिक पाप के लिए सामान्य अर्थ में किया जा सकता है, जैसे निर्गमन 20:14 में। इसका इस्तेमाल कम से कम एक वैवाहिक व्यक्ति के दैहिक पाप में शामिल होने के विशेष अर्थ में भी किया जा सकता है। इस पद में इसका इस्तेमाल दूसरे अर्थ में किया गया है। [3]इस अतिरिक्त लेख में तैयार किए गए चार्ट का इस्तेमाल करते हुए, अन्त में मैं नीचे ये शब्द डाल देता हूं: ''अपवाद: अनैतिकता के लिए।'' यूनानी में ''व्यभिचार को छोड़कर'' है (देखें KJV)। इसके लिए अंग्रेज़ी में ''fornication'' शब्द है, जिसका इस्तेमाल साधारण अर्थ में शारीरिक सम्बन्ध है। इस पद में स्पष्टतया इसका इस्तेमाल विवाह के बाद किए जाने वाले किसी भी दैहिक पाप के लिए है। [4]मेरा मानना है कि ''अनैतिकता का अपवाद'' न केवल तलाक को सुधारता है, बल्कि किसी दूसरे के साथ विवाह करने को भी सुधारकर पुन: विवाह करने की अनुमति देता है। परन्तु आपको सावधान रहना चाहिए कि कुछ लोग यह मानते हैं कि यह पद तलाक की अनुमति देता है, परन्तु पुन: विवाह की नहीं। [5]समझ लें कि यीशु के शब्द ''निर्दोष पक्ष'' की ओर से तलाक की *अनुमति देते*